# कार्य पुस्तिका

RCScE
राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्
स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार





## WORK BOOK

अधिगम अंतराल पूर्ति हेतु अभ्यास पुस्तिका
( सीखने के प्रतिफल पर आधारित )



# कक्षा – 10

# विज्ञान





राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर

# बुरा/असुरक्षित स्पर्श क्या है ?




होठों, छाती, टांगों के बीच आगे और पीछे कमर के नीचे की तरफ छूना



- किसी अजनबी द्वारा कोई असहज स्पर्श से बचना चाहिए
- अनजान ट्रांसपोर्ट / गार्डन / टॉयलेट का उपयोग सावधानी से करें ताकि आप किसी बुरे स्पर्श का शिकार न बनें
- सुनसान स्थानों / अँधेरे में बिना काम फालतू जाने से बचें






- अगर कोई आपके सामने अपने कपड़े उतारे या प्राइवेट पार्ट्स दिखाए या आपको भी ऐसा करने को कहे तो सावधान हो जाएँ



अगर कोई आपको गन्दी तस्वीरें/ वीडियो/ मैसेज आपको फोन/ लैपटॉप आदि पर दिखाता है या भेजता है तो ये भी बुरा स्पर्श है

**बुरे स्पर्श से डरना नहीं है, बल्कि मुकाबला करना है...**

## संरक्षक

**श्री नवीन जैन, IAS**
शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर

## मुख्य मार्गदर्शक

**डॉ. टी. शुभमंगला, IAS**
राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त
राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्,
जयपुर

**श्री कानाराम, IAS**
निदेशक,
प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

## मार्गदर्शक

**श्रीमती कविता पाठक, RAS**
निदेशक,
राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान
एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर

**सुश्री ज्योति ककवानी, RAS**
उपायुक्त
राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्,
जयपुर

## विशेष मार्गदर्शन

**श्री सुरेंद्र सिंह गौड़**
अतिरिक्त निदेशक,
राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान
एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर

**श्री कैलाश चन्द्र तेली**
संयुक्त निदेशक एवं प्रभागाध्यक्ष
राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान
एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर

**श्रीमती उर्मिला चौधरी**
उप निदेशक
राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्,
जयपुर

## प्रभारी अधिकारी

**श्रीमती अनामिका चौधरी**
असिस्टेंट प्रोफसर
राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर

## लेखन विकास समूह

**श्री कमलेश मालानी**
उप प्राचार्य

**श्री हितेन्द्र सोनी**
उप प्राचार्य,

**श्री मनोज कुमार पाठक**
उप प्राचार्य

**श्री ब्रजेश मालाकार**
व्याख्याता

# आमुख

**सम्मानित गुरूजन,**

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर तथा राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर द्वारा कक्षा 9 के विद्यार्थियों के उपचारात्मक शिक्षण हेतु विज्ञान विषय की यह कार्यपुस्तिका तैयार की गई है। इस कार्यपुस्तिका का उद्देश्य वर्तमान सत्र में कक्षा 10 में अध्ययनरत उन विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर का उन्नयन करना है जिन्होंने कक्षा 9 में स्तरानुसार न्यून परीक्षा परिणाम प्राप्त किए थे। इस कार्यपुस्तिका में कक्षा 6, 7, 8, तथा 9 से उस विषयवस्तु को चयनित किया गया है जो वर्तमान में कक्षा 10 में भी सम्मिलित हैं। कक्षा 10 के पाठ्यक्रम तथा अधिगम क्षेत्र के अनुरूप ही इसमें कार्यपत्रक समाहित किये गये हैं।

विज्ञान विषय के प्रति बालसुलभ भय को निर्मूल करने हेतु इस कार्यपुस्तिका में नवाचारों को अपनाया गया है। खेल एवं पहेली विधियों का समावेश करते हुए इसे रोचक बनाया गया है। साथ ही सम्प्रत्ययों को सरल से कठिन की दिशा में अग्रसर कर इसे विद्यार्थियों के तार्किक विकास से संबद्ध किया गया है।

अतः आशा है कि यह कार्यपुस्तिका शिक्षकीय दायित्व के निर्वहन के साथ ही विद्यार्थियों को स्वयं अभ्यास कर सीखने का अवसर प्रदान कर उनके अधिगम स्तर के गुणात्मक उन्नयन में उपयोगी सिद्ध होगी।

**शुभकामनाओं सहित।**

**कविता पाठक (RAS)**
निदेशक
राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान
एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर

# निदेशक की कलम से

प्रिय शिक्षक साथियों,

रा.रा.शै.अ. एवं प्र. परिषद्, उदयपुर एवं राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर द्वारा कक्षा 9 एवं 10 के विद्यार्थियों के लिए विज्ञान, अंग्रेजी एवं गणित विषय की कार्यपुस्तिकाएँ तैयार की गई हैं। ये कार्यपुस्तिकाएँ बुनियादी दक्षताओं एवं सीखने के प्रतिफल को ध्यान में रखकर बनाई गई हैं।

- यह कार्यपुस्तिका **रटने में विश्वास नहीं करती है बल्कि समझकर सीखने** में विश्वास करती है।
- इस कार्यपुस्तिका का उद्देश्य **कार्यपत्रकों को भरवाना मात्र नहीं** है, इससे छात्र को स्वअभ्यास करते हुए सीखना है।
- **हम इसे पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाकर आँख बंद करके पूरा करने की सोच नहीं रखें।** इस कार्यपुस्तिका पर काम करते समय हम उन बच्चों पर विशेष ध्यान दें जिनका सीखने का स्तर कम है।
- कार्यपुस्तिकाओं को योगात्मक आकलन के आधार पर तीन भागों में बाँटा गया है। भाग एक, दो व तीन में तैयार किए गए कार्यपत्रक दक्षताओं के बढ़ते क्रम में लिखने का पूरा प्रयास किया गया है। कक्षा–कक्ष में अभ्यास कार्य करवाते समय इस क्रम का हमें ध्यान रखना है किन्तु शिक्षक इस बात के लिए स्वतंत्र है कि वह बच्चे की आवश्यकतानुसार किसी भी कार्यपत्रक पर कार्य करवा सकता है।
- यह कार्यपुस्तिका है। इस पर काम करने से पूर्व संबंधित शिक्षण सामग्री पर शिक्षण अधिगम प्रक्रिया पूर्ण करना आवश्यक है। कार्यपुस्तिका पर कार्य करते समय हमें विद्यार्थियों की मदद करनी है, उन्हें संबल देना है तथा कार्य करने के पूरे अवसर प्रदान करने हैं।
- कुछ कार्यपत्रकों पर कार्य करते समय पाठ्यसामग्री से इतर जाकर हमें बच्चों की कल्पनाशक्ति का विकास करना है। शिक्षणकार्य को रोचक एवं सरस बनाने हेतु बीच–बीच में गतिविधि आधारित कार्यपत्रक भी दिए गए है। इन गतिविधियों को हम पूर्ण मनोयोग से संचालित करेंगे।
- इस कार्य पुस्तिका को ओर अधिक समृद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए आपके महत्वपूर्ण सुझाव सादर आमंत्रित हैं।

आशा है कि यह कार्यपुस्तिका **बच्चों द्वारा सीखे हुए सम्प्रत्ययों को मजबूत** करने में सहायक होगी।

# शिक्षकों–शिक्षिकाओं के लिए....

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर द्वारा तैयार कार्यपुस्तिका कक्षा 10 में प्रवेशित उन विद्यार्थियों के लिए है जिन्होंने कक्षा 9 में स्तरानुसार न्यून परीक्षा परिणाम प्राप्त किये थे। इसमें विद्यार्थियों के शैक्षणिक उन्नयन का प्रयास किया गया है। यह कार्य पुस्तिका 45 दिवसीय उपचारात्मक शिक्षण के लिए तैयार की गई है जिनमें 45 कार्यपत्रक एवं परख पत्र दिए गए हैं। प्रति कालांश एक कार्यपत्रक व परख पत्र हल करना है। कार्यपत्रक में विषयवस्तु के साथ अधिगम बिंदु व कक्षा 6, 7, 8 व 9 के वर्तमान पाठ्यपुस्तकों के संदर्भ को भी दर्शाया गया है। विद्यार्थी को कार्यपत्रक हल करवाने से पूर्व 5 मिनट गत कार्यपत्रकों का दोहरान, 15 मिनट आज के कार्यपत्रकों का सन्दर्भ शिक्षण करवा कर अगले 20 मिनट कार्यपत्रक हल करने का समय एवं अंतिम 10 मिनट जाँच कार्य सुधार कार्य एवं प्रतिपुष्टि के लिए निर्धारित है।

कार्यपत्रक में अभ्यास के लिए पर्याप्त सवाल दिए गए हैं फिर भी विद्यार्थियों के लिए जरूरत अनुसार अपेक्षित सवाल स्वयं बनाकर शिक्षक हल करवा सकते हैं। कार्यपत्रक में विभिन्न रोचक गतिविधियाँ, खेल, पहेलियों आदि आनंददायी शिक्षण सामग्री के समावेश के साथ सरल एवं सुगम भाषा में पढ़कर समझने का अवसर दिया गया है।

कार्यपत्रक में सवालों को हल करने के लिए स्वतंत्रता है। कार्यपत्रकों के द्वारा विद्यार्थियों में समझ बनने तक के अभ्यास की अपेक्षा हैं। कार्यपत्रक में विद्यार्थियों को स्वगति से स्वयं समझने के अवसर दिये गए हैं।आवश्यकता पड़ने पर शिक्षक मार्गदर्शन दे सकते हैं।

आशा है यह कार्यपुस्तिका आपके एवं विद्यार्थियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। आपके सकारात्मक सुझाव सदैव आमंत्रित है।

## उपचारात्मक शिक्षण कार्यपुस्तिका

## विषय – विज्ञान

# अनुक्रमणिका


| क्र.स. | विषय वस्तु | कार्यपत्रक | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|
| | आधार रेखा आकलन | | I-III |
| 1. | रासायनिक अभिक्रिया एवं समीकरण | 1-3 | 1-3 |
| 2. | अम्ल, क्षारक एवं लवण | 4-6 | 4-6 |
| 3. | धातु – अधातु | 7-9 | 7-9 |
| 4. | कार्बन एवं इसके यौगिक | 10-12 | 10-12 |
| 5. | जैव प्रक्रम | 13-17 | 13-17 |
| 6. | नियंत्रण एवं समन्वय | 18-20 | 18-21 |
| 7. | जीव जनन कैसे करते है ? | 21-23 | 22-25 |
| 8. | आनुवांशिकता एवं जैव विकास | 24-26 | 26-28 |
| 9. | प्रकाश-परावर्तन एवं अपवर्तन | 27-32 | 29-34 |
| 10. | मानव नेत्र तथा रंग-बिरंगा संसार | 33-35 | 35-37 |
| 11. | विद्युत | 36-38 | 38-40 |
| 12. | विद्युत धारा का चुम्बकीय प्रभाव | 39-42 | 41-43 |
| 13. | पश्च रेखा आकलन | - | 44-46 |
| 14. | मॉडल प्रश्न पत्र-1 | - | 47-50 |
| 15. | मॉडल प्रश्न पत्र-2 | - | 51-54 |
| 16. | उत्तर माला | - | 55 |

# आधार रेखा आकलन

**प्रश्न 1.** न्यूट्रॉन के खोजकर्ता थे –

( अ ) थॉमसन ( ब ) बोर ( स ) चैडविक ( द ) रदरफोर्ड ( )

**प्रश्न 2.** सोडियम का परमाणु क्रमांक होता है –

( अ ) 9 ( ब ) 10 ( स ) 12 ( द ) 11 ( )

**प्रश्न 3.** 36 ग्राम जल में मोलों की संख्या होती है –

( अ ) 2 ( ब ) 1 ( स ) 4 ( द ) 3 ( )

**प्रश्न 4.** $CO_2$ का मोलर द्रव्यमान होता है –

( अ ) 11 ( ब ) 22 ( स ) 33 ( द ) 44 ( )

**प्रश्न 5.** कैल्सियम क्लोराइड का सूत्र होता है –

( अ ) $CaCl$ ( ब ) $CaCl_2$ ( स ) $CaCl_3$ ( द ) $CaCl_4$ ( )

**प्रश्न 6.** पीतल निम्न की मिश्रधातु होती है –

( अ ) Cu + Sn ( ब ) Zn + Sn ( स ) Fe + Cu ( द ) Cu + Zn ( )

**प्रश्न 7.** किसी अम्ल का pH संभवत: क्या होगा ?

( अ ) 2 ( ब ) 7 ( स ) 11 ( द ) 14 ( )

**प्रश्न 8.** ब्यूटेनॉल का प्रकार्यात्मक समूह होता है –

( अ ) कीटोन ( ब ) एल्कोहल

( स ) एल्डिहाइड ( द ) कार्बोक्सिलिक अम्ल ( )

**प्रश्न 9.** सोडियम धातु जल से अभिक्रिया कर कौनसी गैस उत्सर्जित करता है –

( अ ) हाइड्रोजन ( ब ) ऑक्सीजन

( स ) अमोनिया ( द ) कार्बन डाई ऑक्साइड ( )

**प्रश्न 10.** $2H_2 + O_2 \longrightarrow 2H_2O$ उदाहरण है –

( अ ) संयोजन अभिक्रिया ( ब ) वियोजन अभिक्रिया

( स ) विस्थापन अभिक्रिया ( द ) द्विविस्थापन अभिक्रिया ( )

**प्रश्न 11.** सजीवों की मूलभूत इकाई कहलाती है –

( अ ) परमाणु ( ब ) अणु ( स ) कोशिका ( द ) ऊतक ( )

प्रश्न 12. मुर्गी के अण्डे में कोशिकाओं की संख्या होती है –

(अ) 1 (ब) 10 (स) 100 (द) 1000 ( )

प्रश्न 13. जल किस अवस्था में पाया जाता है –

(अ) ठोस (ब) द्रव (स) गैस (द) उपर्युक्त सभी ( )

प्रश्न 14. दालों व दूध में मुख्यतः पोषक तत्व होता है –

(अ) वसा (ब) प्रोटीन

(स) खनिज लवण (द) कार्बोहाइड्रेट ( )

प्रश्न 15. विटामिन C के स्त्रोत का समूह है –

(अ) आलु, गन्ना, पपीता (ब) घी, तेल, मक्खन

(स) नींबू, आँवला, संतरा (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं ( )

प्रश्न 16. कोशिका के किस अंगक को आत्मधाती थैली कहा जाता है –

(अ) लवक (ब) गॉल्जीकाय (स) केन्द्रक (द) लाइसोसोम ( )

प्रश्न 17. पुष्प में स्त्रीकेसर के भाग है –

(अ) वर्तिका, वर्तिकाग्र, अण्डाशय (ब) वर्तिकाग्र, योजी, पुतन्तु

(स) पुतन्तु, योजी, परागकोश (द) परागकोश, वर्तिका, योजी ( )

प्रश्न 18. लैंगिक जनन प्रक्रिया में नर व मादा जननांगों में बनने वाली अगुणित कोशिकाए कहलाती है।

(अ) युग्मनज (ब) युग्मक (स) भ्रूण (द) स्टेम कोशिका ( )

प्रश्न 19. मेंडल ने आनुवांशिकता संबंधी प्रयोग किए थे –

(अ) भिण्डी में (ब) सेव में (स) मटर में (द) आलू में ( )

प्रश्न 20. मनुष्य में गुणसूत्रों की संख्या होती है –

(अ) 44 (ब) 23 (स) 46 (द) 48 ( )

प्रश्न 21. किसी वस्तु पर लगने वाले धक्के या खिंचाव को क्या कहते है ?

(अ) बल (ब) वेग (स) चाल (द) संवेग ( )

प्रश्न 22. प्रति सेकण्ड कम्पनों की संख्या क्या कहलाती है ?

(अ) आवर्तकाल (ब) आवृत्ति (स) तरंग दैर्ध्य (द) तरंग संख्या ( )

प्रश्न 23. ध्वनि का संचरण किसमें संभव नहीं होता है –

(अ) ठोसों में (ब) द्रवों में (स) गैसों में (द) निर्वात में ( )

प्रश्न 24. कार्य करने की दर कौनसी भौतिक राशि कहलाती है ?

(अ) कार्य (ब) ऊर्जा (स) शक्ति (द) बल ( )

प्रश्न 25. सोनार एक ऐसी युक्ति है जिसमें दूरी, दिशा व चाल मापने के लिए किस प्रकार की ध्वनि का प्रयोग किया जाता है।

(अ) श्रव्य ध्वनि (ब) अवश्रव्य ध्वनि

(स) परा ध्वनि (द) प्रति ध्वनि ( )

प्रश्न 26. किस लेंस में सदैव एक आभासी, सीधा तथा छोटा प्रतिबिम्ब बनेगा, चाहे बिंब कहीं भी स्थित हो।

(अ) अवतल (ब) उत्तल (स) समतल (द) द्विफोकसी ( )

प्रश्न 27. समतल दर्पण कि आवर्धन क्षमता कितनी होती है ?

(अ) 1 (ब) 2 (स) 3 (द) अनन्त ( )

प्रश्न 28. उत्तल लेंस की क्षमता .................. तथा अवतल लेंस की क्षमता .................. होती है।

(अ) धनात्मक, ऋणात्मक (ब) ऋणात्मक, धनात्मक

(स) शून्य, धनात्मक (द) ऋणात्मक, शून्य ( )

प्रश्न 29. हीरे का अपवर्तनांक कितना होता है ?

(अ) 1.00 (ब) 1.33 (स) 2.42 (द) 1.52 ( )

प्रश्न 30. एक इलेक्ट्रॉन पर आवेश की मात्रा होती है –

(अ) $6.1 \times 10^{-19}$C (ब) $1.6 \times 10^{-19}$C

(स) $6.1 \times 10^{-23}$C (द) $1.6 \times 10^{-23}$C ( )

शिक्षक प्रतिपुष्टि : ______________________ हस्ताक्षर : __________

# 1. रासायनिक अभिक्रिया एवं समीकरण

## कार्यपत्रक-1

प्रश्न 1. अभिक्रिया $2\ Mg + O_2 \longrightarrow 2\ MgO$ में अभिकारक व उत्पाद कौन-कौन हैं ?

प्रश्न 2. कैल्सियम कार्बोनेट का सूत्र लिखिए।

प्रश्न 3. द्रव्यमान संरक्षण का नियम लिखिए।

प्रश्न 4. रासायनिक समीकरण को संतुलित करने वाली एक विधि का नाम दीजिए।

प्रश्न 5. बुझे हुए चूने का रासायनिक नाम व रासायनिक सूत्र लिखिए।

प्रश्न 6. निम्न समीकरण कौनसी अभिक्रिया का प्रकार हैं ?

$$CuSO_4 + Zn \longrightarrow ZnSO_4 + Cu$$

प्रश्न 7. द्विविस्थापन अभिक्रिया का एक उदाहरण दीजिए।

प्रश्न 8. अभिक्रिया $ZnO + C \longrightarrow Zn + CO$ में कौनसा अभिकारक उपचयन हो रहा है तथा कौनसा अपचयन।

प्रश्न 9. $CuSO_4$ को Zn के पात्र में नहीं रखा जा सकता है। क्यों ?

प्रश्न 10. लेड नाइट्रेट को गर्म करने पर भूरे रंग का धुँआ उत्सर्जित होता है। यह किस गैस का होता हैं ?

शिक्षक प्रतिपुष्टि : ____________________ हस्ताक्षर : __________

# 1. रासायनिक अभिक्रिया एवं समीकरण

## कार्यपत्रक-2

प्रश्न 1. संगमरमर का रासायनिक सूत्र लिखिए।

प्रश्न 2. दीवार पर सफेदी करने पर चमक क्यों आती है ?

प्रश्न 3. उष्माशोषी व उष्माक्षेपी अभिक्रिया में क्या अन्तर है ? उदाहरण दीजिए।

प्रश्न 4. श्वसन एक ऊष्माक्षेपी अभिक्रिया है,स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 5. फेरस सल्फेट में क्रिस्टलन जल के कितने अणु होते हैं ?

प्रश्न 6. फोटोग्राफी में प्रयुक्त AgBr में किस प्रकार की अभिक्रिया घटित होती है ?

प्रश्न 7. विस्थापन अभिक्रिया में होता है-

( अ ) अधिक क्रियाशील कम क्रियाशील को हटा देता है।

( ब ) कम क्रियाशील अधिक क्रियाशील को हटा देता है।

( स ) कोई किसी को विस्थापित नही करता है। ( द ) उपरोक्त कोई नहीं। ( )

प्रश्न 8. निम्न अभिक्रिया को संतुलित कर P, Q, R, S के मान बताइए -

$$(P)\ NaOH + (Q)\ H_2SO_4 \longrightarrow (R)\ Na_2SO_4 + (S)\ H_2O$$

प्रश्न 9. मैग्नीशियम क्लोराइड का रासायनिक सूत्र लिखिए।

प्रश्न 10. जल का मोलर द्रव्यमान ज्ञात कीजिए।

शिक्षक प्रतिपुष्टि : हस्ताक्षर :

# 1. रासायनिक अभिक्रिया एवं समीकरण

## कार्यपत्रक-3

प्रश्न 1. संक्षारण किसे कहते हैं ? एक उदाहरण दीजिए –

______________________________

______________________________

प्रश्न 2. किस घटना के कारण चाँदी काली पड़ जाती है ?

______________________________

प्रश्न 3. ताँबें के ऊपर हरापन कौनसी प्रक्रिया के कारण दिखाई देता हैं ?

______________________________

प्रश्न 4. निश्चित अवधि के पश्चात् तैलीय खाद्य पदार्थ स्वाद क्यों बदल देते है ?

______________________________

प्रश्न 5. सीलबद्ध चिप्स की थैली में कौनसी गैस भरी होती है ?

______________________________

प्रश्न 6. उपचयन-अपचयन अभिक्रिया को परिभाषित कीजिए।

______________________________

प्रश्न 7. अवक्षेप क्यों प्राप्त होता है ?

______________________________

प्रश्न 8. निम्न अभिक्रिया को संतुलित कीजिए –

$$BaCl_2 + H_2SO_4 \longrightarrow BaSO_4 + HCl$$

______________________________

प्रश्न 9. पोटैशियम का प्रतीक लिखिए –

______________________________

प्रश्न 10. जल का रासायनिक सूत्र लिखिए।

______________________________

शिक्षक प्रतिपुष्टि : ______________________________ हस्ताक्षर : __________

# 2. अम्ल, क्षारक एवं लवण

## कार्यपत्रक-4

प्रश्न 1. नींबू में होता है-

(अ) टार्टरिक अम्ल (ब) सिट्रिक अम्ल

(स) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल (द) लैक्टिक अम्ल ( )

प्रश्न 2. अम्ल व क्षारक में अन्तर बताइए।

________________________________________

________________________________________

________________________________________

प्रश्न 3. हमारे पाचन तंत्र के आमाशय में कौनसा अम्ल स्त्रावित होता है ?

________________________________________

प्रश्न 4. हाइड्रोनियम आयन का सूत्र लिखिए।

________________________________________

प्रश्न 5. हाइड्रोजन आयन की सान्द्रता व pH के मध्य क्या संबंध है ?

________________________________________

प्रश्न 6. ताजमहल के संगमरमर का रंग पीला क्यों पड़ रहा है ?

________________________________________

प्रश्न 7. अम्लीय वर्षा क्यों होती है ?

________________________________________

प्रश्न 8. pH स्केल को बनाइए।

________________________________________

प्रश्न 9. उदासीन विलियन की pH होती है -

(अ) 7 (ब) 14 (स) 5.5 (द) 7.8 ( )

प्रश्न 10. दाँत के ऊपरी आवरण का नाम लिखिए।

________________________________________

शिक्षक प्रतिपुष्टि : ______________________ हस्ताक्षर : ____________

# 2. अम्ल, क्षारक एवं लवण

## कार्यपत्रक-5

**प्रश्न 1.** क्षारक विलयन में उत्पन्न करता है-

(अ) $H^+$ आयन (ब) $H_3O^+$ आयन (स) $OH^-$ आयन (द) $OH_2^+$ आयन ( )

**प्रश्न 2.** क्षारक किसे कहते हैं ? कोई एक उदाहरण दीजिए।

______________________________

______________________________

**प्रश्न 3.** अम्ल का जलीय विलयन विद्युत का चालन करता है, क्यों ?

______________________________

______________________________

**प्रश्न 4.** प्रबल अम्ल व दुर्बल अम्ल में अन्तर लिखिए।

______________________________

______________________________

**प्रश्न 5.** मिलान कीजिए -

| | | |
|---|---|---|
| (अ) | प्रबल अम्ल - दुर्बल क्षारक | > 7pH |
| (ब) | प्रबल अम्ल - प्रबल क्षारक | < 7pH |
| (स) | प्रबल क्षारक - दुर्बल अम्ल | = 7pH |

**प्रश्न 6.** मधुमक्खी के काटने पर जलन वाले दर्द का अनुभव कौनसे अम्ल के कारण होता हैं ?

______________________________

**प्रश्न 7.** बेकिंग सोडा का रासायनिक सूत्र बताइए।

______________________________

**प्र. 8.** दो प्रबल क्षारकों के उदाहरण दीजिए।

______________________________

**प्र. 9.** विरंजक चूर्ण का रासायनिक सूत्र व उपयोग लिखिए।

______________________________

शिक्षक प्रतिपुष्टि : ______________________________ हस्ताक्षर : ______________

# 2. अम्ल, क्षारक एवं लवण

## कार्यपत्रक-6

प्रश्न 1. सान्द्र अम्ल में जल मिलाने से मिश्रण बाहर आने का क्या कारण है ?

( अ ) ऊष्माशोषी अभिक्रिया ( ब ) ऊष्माक्षेपी अभिक्रिया

( स ) उदासीनीकरण ( द ) संयोजन ( )

प्रश्न 2. दूध से दही जमने पर pH के मान में क्या परिवर्तन होगा ?

______________________________

प्रश्न 3. क्लोर-क्षार प्रक्रिया की व्याख्या कीजिए।

______________________________

______________________________

प्रश्न 4. जल की स्थायी कठोरता हटाने के लिए काम में आने वाले यौगिक का नाम व सूत्र बताइए।

______________________________

______________________________

प्रश्न 5. कॉपर सल्फेट का रासायनिक सूत्र लिखिए।

______________________________

प्रश्न 6. प्लास्टर ऑफ पेरिस की जल के साथ अभिक्रिया का रासायनिक समीकरण लिखिए।

______________________________

प्रश्न 7. $CO_2$ की प्रकृति होती है। ( अम्लीय अथवा क्षारीय )

______________________________

______________________________

प्र. 8. क्लोरीन से क्रिया करके विरंजक चूर्ण बनाने वाले पदार्थ का नाम बताइए।

______________________________

प्र. 9. निम्नांकित को सुमेलित कीजिए-

| | |
|---|---|
| सिरका | मेथेनाइक अम्ल |
| टमाटर | ऐसीटिक अम्ल |
| चीटी का डंक | लैक्टिक अम्ल |
| दही | आक्सेलिक अम्ल |

शिक्षक प्रतिपुष्टि : ______________________________ हस्ताक्षर : ____________

# 3. धातु – अधातु

## कार्यपत्रक–7

**प्रश्न 1.** धातु की कोई चार विशेषताएँ लिखिए।

(1) ____________________ (2) ____________________

(3) ____________________ (4) ____________________

**प्रश्न 2.** PVC का पूरा नाम बताइए।

________________________________________

**प्रश्न 3.** उस अधातु का नाम बताइए जो द्रव अवस्था में पाई जाती है।

________________________________________

**प्रश्न 4.** मर्करी का अन्य धातुओं से अलग गुण क्या है ?

________________________________________

**प्रश्न 5.** सोडियम को केरोसीन में क्यों रखा जाता है ?

________________________________________

________________________________________

**प्रश्न 6.** एक्वारेजिया के संघटन का अनुपात लिखिए।

________________________________________

**प्रश्न 7.** गहनों की सफाई करने के बहाने व्यक्ति कौनसा मिश्रण लेकर ठगी करते हैं ?

________________________________________

**प्रश्न 8.** धातु किसे कहते है ?

________________________________________

**प्रश्न 9** समस्थानिक किसे कहते है ?

________________________________________

________________________________________

शिक्षक प्रतिपुष्टि : ____________________ हस्ताक्षर : __________

# 3. धातु – अधातु

## कार्यपत्रक-8

प्रश्न 1. उत्कृष्ट गैसों की क्रियाशीलता अत्यन्त कम होती है। क्यों ?

______________________________

प्रश्न 2. आयनिक यौगिक में पाए जाने वाले बन्ध का नाम लिखिए।

______________________________

प्रश्न 3. आयनिक यौगिकों का गलनांक व क्वथनांक उच्च क्यों होता हैं ?

______________________________

प्रश्न 4. सोडियम व मैग्नीशियम के लिए इलेक्ट्रॉन-बिन्दु संरचना लिखिए।

प्रश्न 5. अन्तर बताइए-

(अ) खनिज – अयस्क

______________________________

______________________________

(ब) भर्जन – निस्तापन

______________________________

______________________________

प्रश्न 6. उदर में जलन होने पर एन्टासिड का उपयोग क्यों किया जाता है ?

______________________________

प्रश्न 7. दो धातुओं के नाम बताइए जो प्रकृति में मुक्त अवस्था में पायी जाती है।

______________________________

प्रश्न 8. उस यौगिक का नाम लिखिए जो चाँदी को कालापन प्रदान करती है ?

______________________________

शिक्षक प्रतिपुष्टि : ______________________________ हस्ताक्षर : ______________

# 3. धातु – अधातु

## कार्यपत्रक-9

प्रश्न 1. कॉपर के संक्षारण को समझाइए।

प्रश्न 2. यशद् लेपन किसे कहते है ?

प्रश्न 3. स्टेनलेस इस्पात का मिश्रधातु लिखिए।

प्रश्न 4. ओलम्पिक खेलों में प्रदान किया जाने वाला कांस्य पदक कौनसी धातुओं का मिश्रण है ?

प्रश्न 5. मिलान कीजिए –

| | | | |
|---|---|---|---|
| ( अ ) | अमलगम | – | तांबा + जस्ता |
| ( ब ) | पीतल | – | सोना + तांबा |
| ( स ) | सोल्डर | – | धातु + पारा |
| ( द ) | सोने के गहने | – | सीसा + टिन |

प्रश्न 6. गीजर बनाने में तांबे का उपयोग होता है, इस्पात का नहीं। कारण बताइए ?

प्रश्न 7. पीतल एवं तांबे के बर्तनों में खट्टे पदार्थ क्यों नहीं रखने चाहिए ?

शिक्षक प्रतिपुष्टि : हस्ताक्षर :

# 4. कार्बन एवं उसके यौगिक

## कार्यपत्रक-10

**प्रश्न 1.** कार्बन डाइऑक्साइड की इलेक्ट्रॉन बिन्दु संरचना क्या होगी ?

**प्रश्न 2.** कार्बन के दो गुणधर्म कौनसे है, जिनके कारण हमारे चारों ओर कार्बन यौगिकों की विशाल संख्या दिखाई देती है ?

**प्रश्न 3.** ऑक्सीकारक को परिभाषित कीजिए।

**प्रश्न 4.** सिरका का संघटन व उपयोग बताइए।

**प्रश्न 5.** मिसेल संरचना का चित्र बनाइए।

**प्रश्न 6** साबुन एवं अपमार्जक में अन्तर बताइए।

शिक्षक प्रतिपुष्टि : हस्ताक्षर :

# 4. कार्बन एवं उसके यौगिक

## कार्यपत्रक-11

**प्रश्न 1.** परमाणु किसे कहते है ?

______________________________

______________________________

______________________________

**प्रश्न 2.** निम्नांकित रासायनिक समीकरण को पूरा कीजिए-

$$CH_4 + Cl_2 \xrightarrow{\text{सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति}} \cdots\cdots\cdots + HCl$$

**प्रश्न 3.** हाइड्रोजनीकरण को समझाइए तथा इसका उपयोग बताइए।

______________________________

______________________________

______________________________

**प्रश्न 4.** एथेन का सूत्र लिखकर बिन्दु संरचना बनाइए।

______________________________

**प्रश्न 5.** निम्नलिखित यौगिकों के सूत्र लिखिए -

( अ ) ब्यूटेन ______________________________

( ब ) ऐथेनॉल ______________________________

शिक्षक प्रतिपुष्टि : ______________________________ हस्ताक्षर : ______________

# 4. कार्बन एवं उसके यौगिक

## कार्यपत्रक-12

प्रश्न 1. कार्बनिक यौगिकों में त्रिआबंध उपस्थित होने पर नामकरण में प्रयुक्त होगा।

(अ) ऐन (ब) इन (स) आइन (द) ऑल ( )

प्रश्न 2. रसोईघर के सिलेण्डर में भरी हुई गैस का नाम बताइए।

प्रश्न 3. एथेनॉल का औषधीय उपयोग बताइए।

प्रश्न 4. एस्टरीकरण अभिक्रिया लिखिए।

प्रश्न 5. कार्बन एवं उसके यौगिकों का उपयोग ईंधन के रुप में किया जाता है क्यों ?

प्रश्न 6. IUPAC का पूरा नाम लिखिए।

प्रश्न 7. एथेनॉल के मुख्य उपयोग बताइए।

प्रश्न 8. हाइड्रोकार्बन किसे कहते है ?

प्रश्न 9. एल्केन, एल्कीन व एल्काइन में अन्तर बताइए।

प्रश्न 10. एथाइन का सूत्र लिखिए –

शिक्षक प्रतिपुष्टि : हस्ताक्षर :

# 5. जैव प्रक्रम

## कार्यपत्रक-13

प्रश्न 1. मानव पाचन तंत्र के विभिन्न पाचन अंगों के नाम लिखिए।

1. मुख
2. आमाशय
3. ग्रहणी
4. मुखगुहा
5. डायाफ्राम
6. मलद्वार
7. कृमिरूपी परिशेषिका
8. यकृत
9. अग्नाशय
10. आमाशय
11. आंत्र
12. पित्ताशय
13. बड़ी आंत्र
14. पित्त वाहिनी



चित्र-मानव पाचन तंत्र

प्रश्न 2 चूने के पानी में नली से फूंक मारने पर वह दूधिया क्यों हो जाता है ?

___

प्रश्न 3 मनुष्य में दोहरा परिसंचरण तंत्र का रेखाचित्र बनाइए।

प्रश्न 4. निम्न जीव समूहों में से कौनसा समूह है जिसमें भोजन सामग्री शरीर के बाहर पचित एवं अवशोषित की जाती है ?

(अ) मशरूम, हरे पौधे, अमीबा (ब) पैरामिशियम, अमीबा, कुस्कुटा

(स) यीस्ट, मशरूम, ब्रेड मॉल्ड (द) कुस्कुटा, फीताकृमि, जूँ

प्रश्न 5. संकुचन के समय हृदय के अन्दर कौनसी प्रक्रिया/रक्त के पश्च प्रवाह को रोकता है -

(अ) हृदय के वाल्व (ब) निलय की मोटी पेशीय दीवारें

(स) आलिन्द की पतली दीवारें (द) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 6. विऑक्सीजनित रक्त का प्रवाह होता है -

(अ) धमनी में (ब) शिरा में (स) लसीका में (द) सभी में ( )

प्रश्न 7. पादपों में पत्तियाँ उत्सर्जन में सहायक होती है - कैसे, समझाइए -

___

शिक्षक प्रतिपुष्टि : ___ हस्ताक्षर : ___

# 5. जैव प्रक्रम

## कार्यपत्रक-14

**प्रश्न 1** जाइलम एवं फ्लोएम में पदार्थों के वहन में क्या अंतर है ?

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

**प्रश्न 2** गाय की क्षुद्रान्त्र लम्बी व शेर की क्षुद्रान्त्र छोटी होती है, ऐसा क्यों ?

______________________________________________

______________________________________________

**प्रश्न 3** मानव उत्सर्जन तंत्र का नामांकित चित्र बनाइए।

**प्रश्न 4** डायलिसिस क्या है ?

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

**प्रश्न 5** प्रकाश संश्लेषण की निम्न रासायनिक अभिक्रिया को पूर्ण कीजिए –

$$6CO_2 + 12H_2O \xrightarrow[\text{सूर्य का प्रकाश}]{\text{पर्णहरित}} ........... + ........... + ...........$$

शिक्षक प्रतिपुष्टि : ______________________________ हस्ताक्षर : ____________

# 5. जैव प्रक्रम

## कार्यपत्रक-15

प्रश्न 1 पीयूष ग्रन्थि को मास्टर ग्रन्थि क्यों कहा जाता है ?

प्रश्न 2 मानव श्वसन तंत्र के अन्तर्गत नासाद्वार से वायु कुपिका तक वायु के मार्ग को रेखाचित्र द्वारा दर्शाइए।

प्रश्न 3 स्वस्थ मनुष्य का प्रकुंचन व अनुशिथिलन दाब कितना होता है ?

प्रश्न 4 रुधिर का रंग लाल होता है जबकि लसिका रंगविहीन होती है, कारण बताइए।

प्रश्न 5 पचे हुए भोजन को अवशोषित करने के लिए क्षुद्रांत्र में कौनसी रचनाएँ पायी जाती है तथा उनकी क्या विशेषता होती है ?

शिक्षक प्रतिपुष्टि : हस्ताक्षर :

# 5. जैव प्रक्रम

## कार्यपत्रक-16

**प्रश्न 1.** भोजन के पाचन में लार की क्या भूमिका है ?

---

---

---

**प्रश्न 2.** वृक्क की क्रियात्मक एवं संरचनात्मक इकाई का नाम बताइए।

---

**प्रश्न 3.** जलीय जीवों की श्वास दर, स्थलीय जीवों से अधिक क्यों होती है ?

---

---

---

---

**प्रश्न 4.** हमारे शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी के क्या दुष्परिणाम हो सकते हैं ?

---

---

---

---

**प्रश्न 5.** दो एक कोशिक जीवों के नाम बताइए।

(I) ______________________ (ii) ______________________

**प्रश्न 6.** पादपों के कोई दो अपशिष्ट उत्पादों के नाम बताइए।

---

---

**प्रश्न 7.** मछली व मनुष्य के परिसंचरण तंत्र में कोई एक अन्तर बताइए।

---

शिक्षक प्रतिपुष्टि : ______________________ हस्ताक्षर : __________

# 5. जैव प्रक्रम

## कार्यपत्रक-17

प्रश्न 1. गर्मियों में हम वृक्ष के नीचे ठण्डक महसूस क्यों करते है ?

प्रश्न 2 मनुष्य के आमाशय में श्लेष्मा की क्या भूमिका है ?

प्रश्न 3 हरे पेड़-पौधों को स्वपोषी क्यों कहा गया है ?

प्रश्न 4 जैव प्रक्रम क्या है ?

प्रश्न 5 वायवीय व अवायवीय श्वसन में कोई दो अन्तर लिखिए।

प्रश्न 6 मनुष्य में अपशिष्ट पदार्थों को शरीर से बाहर निकालने का कार्य कौनसा तंत्र करता है ?

शिक्षक प्रतिपुष्टि : ____________________ हस्ताक्षर : __________

# 6. नियंत्रण एवं समन्वय

## कार्यपत्रक-18

प्रश्न 1. निम्न में से कौनसा प्रतिवर्ती चाप का एक सही अनुक्रम है –

(अ) ग्राही → पेशियाँ → संवेदी न्यूरोन्स → प्रेरक न्यूरोन्स → मेरूरज्जु

(ब) ग्राही → प्रेरक न्यूरोन → मेरूरज्जु → संवेदी न्यूरोन → पेशियाँ

(स) ग्राही → मेरूरज्जु → संवेदी न्यूरोन → प्रेरकन्यूरोन → पेशियाँ

(द) ग्राही → संवेदी न्यूरोन → मेरूरज्जु → प्रेरक न्यूरोन → पेशियाँ

प्रश्न 2 मानव मस्तिष्क के विभिन्न भागों को नामांकित कीजिए –

1. प्रमस्तिष्क
2. दृढ़ पटल
3. हाइपोथैलेमस
4. पीयुष ग्रन्थि
5. थैलेमस
6. मेरूरज्जु
7. अनुमस्तिष्क
8. मैडुला आब्लांगेटा
9. मध्य मस्तिष्क



प्रश्न 2 मेहन्दी की झाड़ियों को अधिक घनी बनाने के लिए माली उनकी शाखाओं के शीर्ष क्यों काट देता है ?

______________________________

______________________________

प्रश्न 3 एक पौधा लम्बाई में तो सामान्य वृद्धि कर रहा है लेकिन इसकी पार्श्व शाखाएँ विकसित नही हो रही है ऐसा क्यों होता है ?

______________________________

______________________________

प्रश्न 4 यदि किसी स्तनी की अवटु ग्रन्थि निकाल दे, तो कौनसे दुष्प्रभाव दृष्टिगोचर होंगे ?

______________________________

______________________________

शिक्षक प्रतिपुष्टि : ______________________ हस्ताक्षर : ____________

# 6. नियंत्रण एवं समन्वय

## कार्यपत्रक-19

प्रश्न 1. मनुष्य में बौनेपन के क्या कारण हो सकते है ?

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

प्रश्न 2 मानव शरीर के चित्र में निम्नांकित अन्त:स्त्रावी ग्रन्थियों की स्थिति बताइए –

1. पिनियल ग्रन्थि
2. पीयूष ग्रन्थि
3. अवटु ग्रन्थि
4. अधिवृक्क ग्रन्थि
5. अण्डाशय ग्रन्थि
6. थाइमस ग्रन्थि
7. हाइपोथेलेमस ग्रन्थि
8. अग्नाशय ग्रन्थि



प्रश्न 3 मानव शरीर में पायी जाने वाली कौनसी ग्रंथि अन्तस्त्रावी और बहिस्त्रावी दोनो है ?

______________________________

प्रश्न 4 आयोडिन युक्त नमक खाने की सलाह क्यों दी जाती है ?

______________________________

______________________________

प्रश्न 5 ________________ नामक पादप हार्मोन कोशिका विभाजन को प्रेरित करता है।

शिक्षक प्रतिपुष्टि : ______________________ हस्ताक्षर : __________

# 6. नियंत्रण एवं समन्वय

## कार्यपत्रक-20

**प्रश्न 1. मधुमेह के कुछ रोगियों की चिकित्सा इंसुलिन का इंजेक्शन देकर क्यों की जाती है ?**

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

**प्रश्न 2. तंत्रिका कोशिका का नामांकित चित्र बनाइए।**

**प्रश्न 3. अन्तःस्त्रावी ग्रन्थि का संबंधित स्त्रावित हार्मोन से मिलान कीजिए-**

| | अन्तःस्त्रावी ग्रन्थि | स्त्रावित हार्मोन |
|---|---|---|
| 1. | अग्नाशय ग्रन्थि | वृद्धि हार्मोन |
| 2. | वृषण ग्रन्थि | एड्रीनलिन |
| 3. | अण्डाशय ग्रन्थि | टेस्टेस्टेरॉन |
| 4. | थायराइड ग्रन्थि | एस्ट्रोजन |
| 5. | पीयूष ग्रन्थि | इंसूलिन |
| 6. | एड्रीनल ग्रन्थि | थायरॉक्सिन |

**प्रश्न 4.** एक न्यूरोन में विद्युतीय संकेतों का रासायनिक संकेतों में परिवर्तन होता है।

(अ) कोशिका काय में (ब) तंत्रिकाक्ष पर

(स) द्रुमाश्म पर (द) तंत्रिकाक्षीय सिरे पर ( )

**प्रश्न 5.** प्रतिवर्ती क्रिया किसे कहते है ? प्रतिवर्ती चाप का चित्र बनाते हुए सम्पूर्ण प्रक्रिया को समझाइए –

शिक्षक प्रतिपुष्टि : हस्ताक्षर :

# 7. जीव जनन कैसे करते हैं ?

## कार्यपत्रक-21

प्रश्न 1. अमीबा, स्पाइरोगाईरा एवं यीस्ट में निम्न में से कौनसा लक्षण प्रजनन का एक प्रकार है –

( अ ) वे अलैंगिक रूप से प्रजनन करते हैं।

( ब ) वे सभी एक कोशिकीय हैं।

( स ) वे सभी केवल लैंगिक रूप से प्रजनन करते हैं।

( द ) वे सभी बहुकोशिकीय है।

प्रश्न 2. निम्नांकित चित्र में अंडाशय के विभिन्न भाग A,B,C,D के नाम लिखिए।

A .......................

B .......................

C .......................

D .......................




प्रश्न 3. वृषण देहगुहा के बाहर क्यों होते है ?

---

---

---

प्रश्न 4. वयस्क में शुक्रवाहिनी को हटाकर उसके स्थान पर रबड़ की नली लगा दी जाए तो क्या दुष्प्रभाव पड़ेगा ?

---

---

---

शिक्षक प्रतिपुष्टि : ______ हस्ताक्षर : ______

# 7. जीव जनन कैसे करते हैं ?

## कार्यपत्रक-22

प्रश्न 1. स्त्रियों में फेलापियन ट्यूब को धागे से बांध दिया जाए तो कौनसी प्रक्रिया प्रभावित होगी ?

प्रश्न 2. पुष्प के अनुदैर्ध्य काट के निम्न चित्र को नामांकित कीजिए –

1. वर्तिका
2. पुंकेसर
3. वर्तिकाग्र
4. बाह्यदल पुंज
5. अण्डाशय
6. दल पुंज
7. परागकोश



चित्र–पुष्प की अनुदैर्ध्य काट

प्रश्न 3. AIDS का पूरा नाम लिखिए।

प्रश्न 4. एकलिंगी एवं उभयलिंगी पुष्प किसे कहते है ? प्रत्येक का एक उदाहरण लिखिए।

प्रश्न 5. विकास की वह प्रक्रिया, जिसमें पूरे जीव का निर्माण शरीर के किसी हिस्से से हो जाता है, कहलाती है –

(अ) लैंगिक जनन (ब) पुनरूद्भवन

(स) अ व ब दोनों (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

शिक्षक प्रतिपुष्टि : हस्ताक्षर :

# 7. जीव जनन कैसे करते हैं ?

## कार्यपत्रक-23

**प्रश्न 1.** प्रदर्शित चित्र में किस जीव में एवं कौनसा अलैंगिक जनन बताया गया है-



जीव का नाम ____________________

अलैंगिक जनन का प्रकार ____________________

**प्रश्न 2.** पुरुषों के मूत्र मार्ग को उभयमार्ग क्यों कहा जाता है ?

**प्रश्न 3.** ऋतु स्त्राव क्यों होता है ?

**प्रश्न 4.** मानव के नर जनन तंत्र का नामांकित चित्र बनाइए।

**प्रश्न 5.** कायिक प्रवर्धन है –

( अ ) जिसमें युग्मक निर्माण एवं निषेचन नही होता।

( ब ) पादप के किसी भाग का अलैंगिक विधि द्वारा विकास होता है।

( स ) अ व ब दोनों।

( द ) उपर्युक्त में से कोई नहीं। ( )

**प्रश्न 6.** मुकुलन, विखण्डन एवं पुनरूद्भवन को परिभाषित करते हुए प्लेनेरिया में होने वाले प्रजनन को चित्र सहित समझाइए।

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

शिक्षक प्रतिपुष्टि : ______________________ हस्ताक्षर : __________

# 8. आनुवांशिकता एवं जैव विकास

## कार्यपत्रक-24

प्रश्न 1. क्या एक तितली और चमगादड़ के पंखों को समजात अंग कहा जा सकता है ? यदि हाँ अथवा नही तो क्यों ?

________________________________________

________________________________________

________________________________________

________________________________________

________________________________________

प्रश्न 2. चमगादड़ के पंख और पक्षियों के पंख समवृत्ति अंग है, कैसे ?

________________________________________

________________________________________

________________________________________

________________________________________

प्रश्न 3. मेंडल के प्रयोगों द्वारा कैसे पता चला कि लक्षण प्रभावी अथवा अप्रभावी होते है ?

________________________________________

________________________________________

________________________________________

प्रश्न 4. पिता से प्राप्त युग्मक से X गुणसूत्र द्वारा युग्मनज का निर्माण होता है। इस युग्मनज से संतान के रूप में ................................ का जन्म होगा।

